पटना विश्वविद्यालय

<u>अधिसूचना</u>

निर्देशानुसार सूचित करना है कि पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2025-26 के मतदान की तिथि 28 फरवरी, 2026 को निर्धारित थी | पटना विश्वविद्यालय परिसर में विगत कुछ दिनों में अमर्यादित एवं अप्रत्याशित घटनाएं हुई, जैसे-पटना वीमेंस कॉलेज परिसर में छात्रों के एक गुट द्वारा बिना अनुमति अनाधिकृत प्रवेश कर नारेबाजी करना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन (छपा हुआ बैनर पोस्टर का प्रयोग, महँगी चार पहिया वाहनों का उपयोग, चुनाव-प्रचार के लिए निर्धारित समयावधि से पूर्व ही प्रचार शुरू किया जाना), साथ ही साथ दिनांक: 21-02-2026 को पटना साइंस कॉलेज में एक कक्षा में घुस कर छात्रों द्वारा शिक्षक के साथ एवं पटना विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार | इन घटनाओं के मद्देनज़र पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2025-26 को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है |

Sd/=

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

पटना विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञाप संख्या: DSW/135 पटना, दिनांक:21-02-2026

प्रतिलिपि : (1) महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार लोक भवन, पटना (2) सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना (3) निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना (4) सभी संकायों के संकायाध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय (2) सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय (5) सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय (6) कुलानुशासक, पटना विश्वविद्यालय (7) मुख्य चुनाव पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय (8) पटना विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारीगण एवं (9) कुलपति के सचिव, पटना विश्वविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ हेतु प्रेषित |

21/02/2026

संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

पटना विश्वविद्यालय, पटना